# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0/2853

दिनांक : 13.8.26

## अति आवश्यक/महत्वपूर्ण
## विज्ञप्ति

**विषय :** विश्वविद्यालय परिसर तथा महाविद्यालयों/संस्थानों में सम सेमेस्टर जून–2026 के समस्त पाठ्यक्रमों के आन्तरिक एवं प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा के अंक ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में।

विश्वविद्यालय परिसर के समस्त विभागाध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध राजकीय/अनुदानित/स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों/संस्थानों के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक को सूचित किया जाता है कि प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा सम्पन्न कराये जाने हेतु परीक्षक नियुक्त किये जा चुके हैं। यदि परीक्षक उक्त परीक्षा सम्पन्न कराने में असमर्थता व्यक्त करते हैं तो उनसे इस आशय का पत्र प्राप्त कर विश्वविद्यालय को प्रेषित करते हुए अन्य परीक्षक नामित कराकर उक्त परीक्षा सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें। वार्षिक प्रणाली की आन्तरिक/प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा के अंक वेबलिंक **https://annual.ccsuniversityweb.in/** पर तथा सम सेमेस्टर जून–2026 के समस्त पाठ्यक्रमों के आन्तरिक/प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा के अंक **वेबलिंक https://ccsuniversityweb.in/** पर **दिनांक 20.08.2026 तक अपलोड होंगे।** यदि अंक अपलोड करने में कोई समस्या आती है तो **हेल्प लाईन नम्बर–8077791145, 7078132884 एवं ई–मेल** helpdeskccsuweb@gmail.comके माध्यम से सम्बन्धित समस्या का निवारण कर सकते हैं।

उक्त के सम्बन्ध में यह सुनिश्चित कर लें कि –

1. आपके महाविद्यालय/संस्थान में प्रवेशित किसी छात्र के आन्तरिक अंक अपलोड करने से छूट न जाय।
2. पूर्णांक व प्राप्तांक का सम्यक परीक्षण कर ही अपलोड करें ताकि त्रुटि की सम्भावना न रहे।
3. अनुपस्थित छात्रों की सूची के साथ आन्तरिक एवं प्रयोगात्मक/मौखिक अंकों की पोर्टल प्रति/कुलसचिव प्रति गोपनीय विभाग की खिड़की नं0–40 पर जमा करें।

मा0 कुलपति महोदया के आदेश के अनुपालन में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय/संस्थान के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक से अनुरोध है कि सम सेमेस्टर जून–2026 की आन्तरिक एवं प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षाओं के अंक **दिनांक 20.08.2026 तक विश्वविद्यालय के ऑनलाईन पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड कर दिये जाय उसके पश्चात् पोर्टल बन्द कर दिया जायेगा।**

13/8

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सादर संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
4. चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों/संस्थानों के प्राचार्य/प्राचार्या को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. समस्त विभागाध्यक्ष, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. प्रभारी, कम्प्यूटर केन्द्र को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. प्रभारी, रिजल्ट सेल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
8. विश्वविद्यालय अधिकृत कम्पनी को इस निर्देश के साथ कि उक्त लिंक पर अंक अपलोड करने की निर्बाध सेवायें उपलब्ध कराना और यदि कोई समस्या उत्पन्न होती है तो तत्काल उसका निस्तारण करना भी सुनिश्चित करें।
9. प्रभारी वेबसाईट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने तथा समस्त विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय परिसर की ई–मेल पर प्रेषित करने हेतु।
10. प्रेस प्रवक्ता को छात्रहित में सम्मानित समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने हेतु।
11. प्रभारी, परिसर सेल को इस निर्देश से कि सभी विभागों में विज्ञप्ति प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

सहा0 कुलसचिव (गोप0)